# अवैध कब्जा हटाया जाएगा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अंतर्गत लिकेज पाइप लाईन, स्कूल के सामने अवैध पार्किंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, जल भराव, नाली एवं प्रस्तावित रोड निर्माण का निरीक्षण किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा गौरव पथ अंतर्गत लिकेज पाईप लाईन संधारण कार्य का अवलोकन किया गया एवं संधारण कार्य में लगे कर्मचारियों को कार्य यथाशीध्र पूर्ण करने निर्देशित किया गया। जवाहर नगर में के. एच मेमोरियल स्कूल संचालित है, स्कूल प्रबंधन द्वारा सामने पार्किंग हेतु रिक्त स्थल को कब्जा कर लिया गया है। निगम आयुक्त के मंशानुरूप स्थल को कब्जा मुक्त कराने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को निर्देशित किया गया है। कैलाश नगर के घरों में वर्षा जल संरक्षण हेतु निर्माणाधीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन किया गया हैं एवं अन्य स्थलों में हार्वेस्टिंग सिस्टम वर्षाऋतु में ही पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। वार्ड क्रं. 21 की पार्षद नेहा साहू की उपस्थिति में कैलाश नगर भगत सिंह मार्ग मोहल्ले वासियों से चर्चा अनुसार बारिश एवं घरों से निकलने वाले पानी निकासी के लिए नाली एवं आवागमन हेतु रोड का निर्माण करना अतिआवश्यक है। जोन आयुक्त द्वारा दिए गए आश्वासन अनुसार रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात तत्काल कार्य कराया जाएगा एवं तत्कालीक व्यवस्था के रूप में कच्चे नाली एवं मलवा बिछाकर आवागमन की सुविधा बनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे उपस्थित रहे।

